ABSTRACT

मदरसों में महिला शिक्षक : चुनौतियाँ, अवसर और संभावना

जावेद अनीस
शोध अध्येता
समाजशास्त्र विभाग,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)

सारांश

शासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाऐं भी पढ़ाने का काम कर रही हैं, जो कि उनके लिये रोजगार के साथ-साथ घर से बाहर निकलने का एक अवसर भी है। प्रस्तुत शोध पत्र भोपाल स्थित मदरसों में पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं के वैयक्तिक अध्ययन और इस विषय पर उपलब्ध साहित्य के विश्लेषण एवं समीक्षा पर आधारित है। अध्ययन से संबंधित प्रमुख प्रश्न इस प्रकार से हैंः- मदरसें में पढ़ाने के बाद से शिक्षिकाऐं अपने आप में क्या परिवर्तन देखती हैं, क्या मदरसें में शिक्षण के बाद से शिक्षिकाओं के प्रति उनके परिवार/समाज के दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन आया है, वे अपने भविष्य को लेकर क्या सोचती हैं तथा अपने समाज में बच्चों की शिक्षा को लेकर क्या सोचती हैं। इस शोध पत्र के अंत में शोध से संबंधित कुछ प्रमुख निष्कर्षों को भी प्रस्तुत किया गया है।

मुख्य शब्द- *मदरसा, मदरसों में शिक्षण व्यवस्था, मुस्लिम महिला और सशक्तीकरण*

समाज वैज्ञानिकी अक्टूबर-मार्च 2020-21
अंक-33-34, ISSN 0973-4201
भारतीय समाज विज्ञान परिषद्